प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांकः 09.06.2024 समय : 09:00 ए.एम.

.....................

- केन्द्र में नई सरकार का शपथ ग्रहण समारोह आज–एनडीए संसदीय दल के नेता नरेन्द्र मोदी तीसरी बार लेंगे प्रधानमंत्री पद की शपथ।
- एसआई भर्ती परीक्षा मामले में एसओजी ने तीन ट्रेनी महिला एसआई और चार अन्य आरोपितों को किया गिरफ्तार।
- महाराणा प्रताप जयंती के अवसर पर प्रदेशभर में शौर्य यात्रा और रक्तदान शिविर सहित विभिन्न आयोजन।
- पश्चिमी विक्षोभ के असर से प्रदेश में कई स्थानों पर आंधी बारिश का दौर–जैसलमेर और बाडमेर में कुछ स्थानों पर ओले भी गिरे।

.....................

केन्द्र में नई सरकार का शपथ ग्रहण समारोह आज आयोजित होगा। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू मनोनीत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उनकी मंत्रिपरिषद् को आज शाम सवा सात बजे पद और गोपनीयता की शपथ दिलाएंगी। श्री मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री के तौर पर शपथ लेंगे। शपथ ग्रहण समारोह राष्ट्रपति भवन प्रांगण में होगा। श्री मोदी ने अब से कुछ ही देर पहले राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की समधि राजघाट पहुंचकर और इसके बाद पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की समाधि **सदैव अटल** पर पुष्पांजलि अर्पित की। उन्होंने वॉर मेमोरियल पहुंचकर शहीदों को भी नमन किया। श्री मोदी को दुनियाभर से बधाईयां मिल रही है। चीन, ओमान सऊदीअरब और मध्य पूर्व देश के नेताओं ने भी उन्हें शुभकामनाएं दी है।

आज के शपथ ग्रहण समारोह में कई देशों के राष्ट्राध्यक्ष हिस्सा लेंगे। समारोह में, भारत के पडोसी देशों और हिंद महासागर क्षेत्र के नेता तथा गणमान्य अतिथि शामिल होंगे। बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना और सेशेल्स के उप–राष्ट्रपति अहमद अफीक इसके लिए नई दिल्ली पहुंच चुके है। श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे, मालदीव के राष्ट्रपति डॉ. मुहम्मद मुइज्जू, मॉरीशस के प्रधानमंत्री प्रविंद कुमार जगन्नाथ, नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल 'प्रचंड' और भूटान के प्रधानमंत्री शेरिंग तोबगे सहित कई अन्य हस्तियां भी समारोह में शामिल होंगी।

शुक्रवार को श्री मोदी ने राष्ट्रपति से मुलाकात कर सरकार बनाने का दावा पेश किया था।

.....................

राष्ट्रपति भवन में आयोजित होने वाले शपथ ग्रहण समारोह का आकाशवाणी से सजीव प्रसारण किया जायेगा। यह प्रसारण आकाशवाणी लाइव न्यूज चैनल पर शाम पौने सात बजे से होगा। आकाशवाणी के यू–टयूब चैनल पर भी इसका सीधा प्रसारण होगा। इस समारोह का क्षेत्रीय भाषाओं में भी आकाशवाणी के अहमदाबाद, बेंगलूरू, चेन्नई, कटक, गुवाहाटी, हैदराबाद, इम्फाल, कोलकाता, मुम्बई और तिरूवनंतपुरम केंद्रों से प्रसारण किया जायेगा। इन राज्यों में आकाशवाणी के सभी प्रमुख चैनल और स्थानीय रेडियो स्टेशन भी इस कार्यक्रम को प्रसारित करेंगे।

.....................

कांग्रेस की वरिष्ठं नेता सोनिया गांधी को पार्टी ने सर्वसम्मति से संसदीय दल का अध्यक्ष चुना है। पार्टी के नेता राजीव शुक्ला ने मीडिया से बातचीत में कहा कि श्रीमती गांधी ने यह पद स्वीकार कर लिया है। इससे पहले, कांग्रेस की सर्वोच्च नीति निर्धारक संस्था कांग्रेस कार्यसमिति ने सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर पार्टी के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी से लोकसभा में विपक्ष के नेता की भूमिका निभाने का अनुरोध किया। पार्टी के वरिष्ठ नेता के सी वेणुगोपाल ने कार्यसमिति की बैठक के बाद एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि कार्यसमिति का मानना है कि राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस एक मजबूत तथा सतर्क विपक्ष की भूमिका निभायेगी।

.....................

एसआई भर्ती परीक्षा मामले में एसओजी की टीम ने कल तीन ट्रेनी महिला एसआई को गिरफ्तार किया है। ये गिरफ्तारी राजस्थान पुलिस अकादमी और जोधपुर ट्रेनिंग सेंटर से तीनों को डमी कैंडिडेट बैठाने और वाट्सएप पर पेपर लेने के मामले में की गई है। एसओजी शिकायत मिलने के बाद पिछले कुछ समय से इन पर नजर रख रही थी और आरपीएससी से इनके रिकॉर्ड मंगवाये गये थे। एडीजी एसओजी वीके सिंह ने बताया कि अभ्यर्थियों के पेपर सॉल्व करवाने और डमी कैंडिडेट बैठाने के मामले में लम्बे समय से फरार चल रहे 4 आरोपितों को भी गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि इन आरोपितों की सम्पति की जानकारी जुटाकर उस पर भी कार्रवाई की जायेगी। गौरतलब है कि एसओजी की टीम ने इस मामले में आरपीए से 2 अप्रैल को भी 15 ट्रेनी एसआई को भी पकड़ा था।

....................

आज वीर शिरोमणी महाराणा प्रताप की जयंती है। इस अवसर पर प्रदेशभर में विभिन्न आयोजन हो रहे है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रदेशवासियों को प्रताप जयंती की शुभकामनाएं दी है। मुख्यमंत्री ने सभी प्रदेशवासियों से महाराणा प्रताप के जीवन से प्रेरणा लेने का आह्वान किया हैं। श्री शर्मा ने कहा कि महाराणा प्रताप ने मातृभूमि की रक्षा और स्वाभिमान के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया। मुख्यमंत्री कल उदयपुर के टाईगर हिल स्थित प्रताप गौरव केंद्र में आयोजित महाराणा प्रताप जयंती समारोह के उद्घाटन सत्र को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि महाराणा प्रताप टूरिस्ट सर्किट पर 100 करोड़ रूपए खर्च किये जायेंगे। कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह सरकार्यवाह डॉ. कृष्णगोपाल ने भी शिरकत की। प्रताप जयंती के अवसर पर कोटा में आज शोर्य रैली निकाली जायेगी। डूंगरपुर में रक्तदान शिविर लगाया जा रहा है। वहीं हमारे राजसमंद संवाददाता ने बताया कि खमनोर और कुंभलगढ सहित कई स्थानो पर कार्यकम आयोजित किये जा रहे है। साथ ही रक्त तलाई से शोभायात्रा निकाली जा रही है।

....................

देश में आगामी एक जुलाई से तीन नये आपराधिक कानून लागू होने जा रहे हैं। इनमें समय की मांग के अनुसार नये प्रावधान शामिल किये गए हैं। इसी के बारे में जागरूकता के लिये आकाशवाणी समाचार जयपुर की ओर से प्रादेशिक समाचार बुलेटिन में नई श्रृंखला शुरू की गई है। आज हम आपको बताने जा रहे है **मॉब लिचिंग** अपराधों के लिए नए कानूनों में विशेष प्रावधान के बारे में। भारतीय न्याय संहिता 2023 ने गैर इरादतन हत्या की नई श्रेणी पेश की है। ये न्याय, निवारण और पीडितों की सुरक्षा पर जोर देने के साथ मॉबलिचिंग के मुद्दे को लक्षित करती है। इसमें धारा 103 (2) में प्रस्तुत विशेष प्रावधान में मॉब लिचिंग से जुडे अपराधों को बताया गया है। इसमें कहा गया है कि जब पांच या अधिक व्यक्तियों का समुह मिलकर नस्ल, जाति या समुदाय, लिंग, स्थान, जन्म, भाषा, व्यक्तिगत विश्वास या किसी अन्य आधार पर हत्याएं करता है तो ऐसे समूह के हर सदस्य को हत्या के लिए सज़ा के तहत निर्धारित मृत्यु दंड या आजीवन कारावास की सजा दी जायेगी।

....................

सीकर और झुंझुनूं सहित आस–पास के इलाकों में कल रात भुकंप के हल्के झटके महसूस किये गये। भुकंप का केन्द्र हर्ष पर्वत के पास देवगढ़ बताया जा रहा है। इसकी तीव्रता रिक्टर स्केल पर 4 दशमलव 2 मापी गई। रींगस, खंडेला और लक्ष्मणगढ सहित कई स्थानों पर लोग घरों से बाहर निकल गए। हालांकि किसी प्रकार के नुकसान के समाचार नहीं है।

....................

प्रदेश में सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ के असर से कल कई स्थानों पर आंधी और बारिश का दौर चला। राजधानी जयपुर के अलावा उदयपुर, भीलवाडा, पिलानी, सीकर, कोटा, चित्तौड़गढ़, फलौदी, फतेहपुर, करौली और सवाईमाधोपुर में भी बारिश दर्ज की गई। जैसलमेर और बाडमेर में कुछ स्थानों पर ओले भी गिरे। हमारे जैसलमेर संवाददाता ने बताया कि शाम को मौसम का मिजाज बदला और कई स्थानों पर बरसात हुई।

....................

आंधी–बारिश के दौर के कारण तापमान में कमी आई है और आमजन को भीषण गर्मी से राहत मिली है।